## बदमिजाज मौसम, दिन में धूप तो शाम को आंधी व बारिश का सिलसिला

# बारिश के साथ गिरे ओले, आंधी-तूफान ने बरपाया कहर, पेड़ गिरे व छप्पर उड़े





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

बीते कुछ दिनों से मौसम बदमिजाज बना हुआ है। भीषण गर्मी के मौसम में कभी तेज धूप तो कभी आंधी बारिश का सिलसिला चल रहा है। मंगलवार शाम को ढीमरखेड़ा - उमरियापान क्षेत्र में आंधी तूफान ने जमकर कहर मचाया। आंधी तूफान के साथ बारिश भी हुई। जगह जगह जलजमाव हो गया।बेर के आकार के ओले भी गिरे। आंधी तूफान से कई जगहों पर पेड़ धराशाई हो गए। पेडों की टहनियां भी टूटकर गिर गई।लोगों के घरों और दुकानों में पर लगे टीन टप्पर उड़ गए तो कई जगह पर बिजली तारों के टूटने से बिजली गुल हो गई। घंटो बिजली बाधित रही। ढीमरखेड़ा - उमरियापान मार्ग पर तो तीन अलग अलग स्थानों पर पेड़ गिर गए। सड़क पर उड़कर आये टीन छप्पर जगह जगह पड़े रहे। जिसके चलते कुछ समय के लिए आवागमन बाधित हो गया। किसानों ने बताया कि ओले गिरने से उड़द मूंग की फसलों को नुकसान है। ओले से उड़द की फसल के फल-फूल झड़ गए एवं पत्ते सिकुड़ गए। ढीमरखेड़ा के अलावा आसपास के गांवों में भी आंधी तूफान के साथ बारिश हुई और ओले गिरे। बारिश के गर्मी में लोगों को राहत मिली। वहीं उपार्जन केन्द्रों में रखी गेंहू की उपज भीग गई।

## खबर संक्षेप

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 25 मई तक

**कटनी।** जिले में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा खेल प्रोत्साहन हेतु ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन आगामी 25 मई तक सभी विकासखण्डों के लगभग 110 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक तथा शाम 5:30 बजे से 7 बजे तक आयोजित किये जा रहे है। जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि उपरोक्त शिविरों में विद्यालय में कार्यरत प्राचार्य, खेल शिक्षक, खेल प्रभारियों द्वारा विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्रदाय किया जा रहा है। इस हेतु प्रत्येक विकासखण्ड में नोडल खेल प्रभारी के द्वारा खेल सामग्री प्रदाय की गई है। इन शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में खेलों के प्रति रुचि उत्पन्न करना है।

### अधिकारी एवं कर्मचारियों को किया गया कार्यमुक्त

**कटनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा एक आदेश जारी कर संपूर्ण मध्यप्रदेश में निर्वाचन प्रक्रिया के समस्त चरणों के पूर्ण होने के उपरांत समस्त एफएस (उडन दस्तों) में लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों को मंगलवार को मतदान समाप्ति उपरांत कार्यमुक्त करते हुए समस्त उडन दस्ते प्रभारी अपने समस्त अभिलेख, दस्तावेज निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ (कक्ष क्रमांक 43) में तत्काल जमा करानें हेतु निर्देशित किया गया है।
उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कार्यालयीन आदेश एवं एफएस संबंधित समस्त आदेशों द्वारा संसदीय क्षेत्र 08 खजुराहो एवं 12 शहडोल हेतु अधिसूचना जारी होनें की तिथि से एवं राज्य में निर्वाचन पूर्ण होने तक अवैध नगदी का आदान-प्रदान, या शराब का वितरण या कोई अन्य संदेहास्पद वस्तुओं को घूस देने के लिये प्रयोग में लायी जा रही हो, उसका पता लगाने के लिये एफएस (उडन दस्तों) का गठन किया गया था।

### अलग अलग क्षेत्रों में मारपीट की हुई घटनाएं

**कटनी।** विजयराघवगढ़ एवं एनकेजे थाना क्षेत्र में मारपीट की घटनाएं हुई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार एनकेजे थाना क्षेत्र में ग्राम बिलगवा में अवनीश सिंह के साथ ओंमकार सिंह ने गालीगलौज कर मारपीट कर दी। इसी थाना क्षेत्र में ग्राम सिघनपुरी में आशीष लाल कोल के साथ योगेश कोल व शुभम कोल ने मारपीट कर दी। इधर विगढ़ थाना क्षेत्र के कारीतलाई में नारायण बर्मन निवासी खलवारा बाजार के साथ गजेन्द्र उरमलिया एवं अंकित उरमलिया निवासी कारीतलाई ने गालीगलौज कर मारपीट की।

### विद्युत करंट की चपेट में आने से 3 भैंसों की मौत

**कटनी।** विद्युत करंट की चपेट में आने से तीन भैंसों की मौत हो गई। हादसा विगढ़ थाना अन्तर्गत सलैया हार में हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मोहन टोला निवासी अर्जुन यादव के अनुसार, भैंसों को रविवार को चरने के लिए छोड़ा गया था, जो देर शाम तक वापस नहीं लौटी, तो खोजबीन शुरू की। रात में भैंस नहीं मिली, सोमवार सुबह सलैया हार में एक खेत किनारे भैंसें मृत अवस्था में मिली। उनके आस- पास टूटा हुआ बिजली तार पड़ा था।

### जबलपुर में मिली युवती

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने एक अपहृत युवती को जबलपुर से दस्त्याब कर कानूनी प्रक्रियाओं के पश्चात उनके परिवार को सुरक्षित सुपूर्द किया है। पुलिस के अनुसार 22/06/2022 को उक्त बालिका जो घर में बिना बताये बाहर चली गई थी जिसे तात्कालीन समय काफ़ी तलाश की गई थी किन्तु दस्तयाब नहीं हो पा रही थी किन्तु लगातार प्रयास करते हुए जबलपुर शहर से खोजबीन दस्तयाब किया है। इस बालिका को ढूंढ़ने के लिए पुलिस अधीक्षक के द्वारा 2500 का ईनाम घोषित किया गया था।

# अप्राकृतिक दुष्कर्म करने पर 4 आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एक नाबालिक बालक सहित चार लड़कों ने जबरदस्ती एक नाबालिक बालक को ऑटो में बैठाकर बाईपास ले गए और वहां पर डरा धमका कर उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। मामला कुठला थाना क्षेत्र के इंदरा नगर का है। घटना का शिकार हुए नाबालिक बालक ने परिजनों के साथ थाने जाकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कुठला पुलिस ने एक नाबालिक आरोपी सहित चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के द्वारा चारों आरोपियों के खिलाफ अप्राकृतिक सेक्स, मारपीट एवं पास्को एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण पंजीकृत किया गया है।

### आटो में बैठाकर ले गये

घटना की जानकारी देते हुए कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर क्षेत्र निवासी एक 15 वर्षीय बालक बीती रात 8 बजे इंदिरा नगर चौराहे पर मौजूद था। इसी दौरान इंदिरा नगर निवासी 23 वर्षीय रामजस चौधरी पिता रामनरेश चौधरी, 19 वर्षीय करन उर्फ राजा निषाद पिता अजय निषाद, 19 वर्षीय सुब्बू पिता बिज्जू चौधरी एवं एक नाबालिक आरोपी वहां आए और 15 वर्षीय नाबालिक बालक को जबरन ऑटो में बैठाकर अपने साथ मैहर बायपास की तरफ ले गए।

### इन धाराओं पर मामला दर्ज

बाईपास में बने बस स्टॉप के पास ले जाकर चारों ने नाबालिक बालक के साथ मारपीट करते हुए उसे डरा धमका कर उसके साथ प्राकृतिक सेक्स किया। घटना के बाद पीड़ित नाबालिक बालक अपने परिजनों को साथ लेकर थाने पहुंचा और उसने पूरी घटना का विवरण बताते हुए शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित बालक की शिकायत के आधार पर धारा 363, 294, 323, 317, 506, 34 आईपीसी 3, 4 पास्को एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी चारों आरोपियों को तत्काल पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।

## मुड़वारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 में हुई वारदात

# ट्रेन के इंतजार में बैठे प्रौढ़ पर किया राड से हमला, रेलवे लाइन में धकेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ट्रेन का इंतजार कर रहें प्रौढ़ पर अज्ञात युवक ने लोहे की रॉड से प्रहार कर उसे रेलवे लाइन में धक्का दे दिया। घटना मुड़वारा स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक-1 में हुई। जानकारी के अनुसार बिलहरी कुठला निवासी अशोक साहू मुड़वारा स्टेशन में ट्रेन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे अशोक के सिर में गंभीर चोटे आई है। घटना के बाद अशोक पहले रंगनाथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुँचा जहां से उसे कोतवाली थाने भेजा गया यहां भी अशोक की रिपोर्ट नही लिखी गई। रक्त अधिक बहने के कारण अशोक जिला अस्पताल पहुँचा जहां उसे भर्ती कर लिया गया।

इस मामले की जानकारी जीआरपी पुलिस को मिलने के बाद मामले की जांच के लिए जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने जिला अस्पताल पहुँची थी। जहां उन्होंने घायल से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। जीआरपी थाना प्रभारी का कहना है, कि स्टेशन में लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले जा रहें है प्रौढ़ अशोक नशे की हालत में था। वे मामले की जांच कर रही है। वही घायल अशोक साहू का कहना है, कि दो दिन पूर्व वह एसपी आफिस शिकायत करने गया था शिकायत के बाद गाँव के ही तीन लोग उस पर शिकायत वापस लेने दबाव बना रहे थे और उसे जान से मारने की धमकी भी लगातार दे रहे थे। घायल ने यह आशंका जताई है कि सम्भवतः उन्ही लोगों ने उस पर यह हमला कराया है। बहरहाल जीआरपी पुलिस ने घटना को जांच में लिया है। जीआरपी पुलिस का कहना है कि जमीनी विवाद के चलते यह घटना हुई है। आरिपियो के सम्बंध में भी पूछताछ की जा रही है।

### सट्टा पर्ची काटते 5 पकड़ाये

**कटनी।** सट्टा पर्ची काटते 5 सटोरियों को पुलिस ने पकड़ा है। कोतवाली पुलिस ने फारेस्टर प्लेग्राउण्ड के पीछे दीपक सेवलानी निवासी पुरानी बस्ती को एक सट्टा पट्टी व नकद 770 के साथ पकड़ा। माधवनगर पुलिस ने निवार काली मोहल्ला से अजय उर्फ पिटारु निवासी पहाड़ी निवार को सट्टा पटी व नकदी 720 रुपए जब्त किये। निवार काली मोहल्ले से ही नीरज बर्मन से 5 सट्टा पटी व नकदी 290 रुपए के साथ पकड़ा है। एनकेजे पुलिस ने पिपरिया मोड टपरे के पास से शिवमंगल सिह साकिन पिपरिया थाना एनकेजे को एक नग सट्टा पट्टी व 340 रुपए के साथ तो दूसरी टीम ने ग्राम हीरापुर कौड़िया पान के टपरे के पास से दीपक बर्मन साकिन हीरापुर कौडिया को एक सट्टा पट्टी व 380 नकद के साथ पकड़ा है।

## तिलक कॉलेज में कार्यशाला का हुआ आयोजन



शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के रसायन शास्त्र विभाग में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत प्राप्त लैब इक्विपमेंट्स के संचालन पर कार्यशाला का आयोजन सोमवार को किया गया। इस कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में शासकीय श्याम सुन्दर अग्रवाल महाविद्यालय, सिहोरा के सहायक प्राध्यापक डॉ राहुल कुमार शर्मा द्वारा लैब में विश्व बैंक से प्राप्त विभिन्न उपकरण जैसे यू व्ही विज़बिल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर , सेंट्रीफ्यूज मशीन, हीटिंग मैंटल, डिजिटल मैग्नेटिक स्टारर, माइक्रोवेव ओवन , वोर्टेक्स मिक्सर, अल्ट्रा सॉनिकटर, पी एच मीटर आदि उपकरणों का डेमो दिया गया। कार्यशाला में स्नातकोत्तर विद्यार्थिओं द्वारा हैंड्स ऑन प्रैक्टिस की गई। उक्त कार्यशाला महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एस के खरे की अध्यक्षता में एवं विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र पुनर्बसु भट्टाचार्य के निर्देशन में संपन्न हुआ।

## नलकूप खनन की अनुमति देने अपर कलेक्टर को किया अधिकृत

# कलेक्टर ने नलकूप खनन की अनुमति देने की प्रक्रिया का किया सरलीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**अब तक जिले के 5 आवेदकों को दी जा चुकी है नलकूप खनन की अनुमति**

जिले में नलकूप खनन की अनुमति प्रदान करने की प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है। इसके तहत कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा सिंगल विंडो सुविधा मुहैया कराई गई है। सिंगल विंडो सुविधा के माध्यम से अब तक जिले के 5 आवेदकों को नलकूप खनन की अनुमति प्रदान भी की जा चुकी है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने अब नलकूप खनन की अनुमति प्रदान करने के लिए अपर कलेक्टर साधना परस्ते को अधिकृत किया है। नलकूप खननकर्ता और भूमि स्वामी को एमपी ई-सर्विस पोर्टल पर सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ आवेदन करना होगा।

अनुमति प्राप्त करने के लिए जरूरी दस्तावेजों में नलकूप खनन हेतु आवेदन के साथ प्रस्तावित भूमि का खसरा ,रजिस्ट्री की प्रति के साथ-साथ नलकूप खनन के प्रयोजन का लेख करना अनिवार्य होगा। साथ ही नलकूप खनन हेतु भूमि स्वामी का पहचान पत्र, यथा आधार कार्ड आदि भी अवश्य अपलोड करें।

नलकूप खनन करने हेतु प्रस्तावित फर्म का ऑन लाईन एम.पी. ई- सर्विस पोर्टल पर फर्म एवं मशीन के पंजीयन की प्रति, भू - स्वामी एवं नलकूप खनन करने वाली फर्म के बीच सहमति पत्र ।

नगरीय क्षेत्र में नलकूप खनन के लिए पेयजल व्यवस्था हेतु अधिकृत इंजीनियर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूप खनन के प्रकरणों में संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रतिवेदन के आधार पर नलकूप खनन की अनुमति दी जावेगी।

आवेदन प्रस्तावित खनन दिनॉक से न्यूनतम 48 घण्टे पूर्व ऑन लाईन प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।बोरवेल खनन उपरांत उसको सुरक्षित करने की व्यक्तिगत जिम्मेदारी भू-स्वामी एवं संबंधित फर्म की होगी ।

## एसपी के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में चलाया जा रहा कार्यक्रम

# ग्रामीणों से संवाद कर सुनी समस्याएं एवं जालसाजों वे अपराधों से बचने दिये टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



बरही पुलिस ने ग्राम सिजहरा में जनसंवाद अभियान चलाया गया जिसमें साइबर अपराध नाबालिग के लापता होने के मामलो मैं सड़क दुर्घटनाओं के संबध मैं एवम महिला संबंधी अपराधो के संबंध मैं जागरूक रहने की दी जानकारी। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ के.पी. सिंह के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में बरही पुलिस ने चलाया जनसंवाद अभियान साइबर अपराध नाबालिग के लापता होने के मामलो मैं सड़क दुर्घटनाओं के संबध मैं एवम महिला समधी अपराधो के समंध मैं जागरूक रहने की दी जानकारी ।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया था अपने अपने थाना क्षेत्र मैं जनसंवाद अभियान के माध्यम से साइबर अपराध नाबालिग के लापता होने के मामलो मैं सड़क दुर्घटनाओं के संबध मैं नशा मुक्ति बिजली पानी आदि की समस्याओं को सुनना एवम इस समंध जागरूक रहने की दी जानकारी सभी को दी जाए इसी तारतम्य मैं सोमवार को थाना बरही पुलिस द्वारा ग्राम सिजहरा मैं जनता से संवाद किया गया बिजली पानी के संबंध में एवं नशा न करने की सलाह दी गई हेलमेट गाड़ी चलाते समय अनिवार्य रूप से लगाने को बताया गया एवम सड़क दुर्घटनाओं मैं घायल व्यक्ति की मदद करने के समध मैं बताया गया एवम महिला समंधी अपराधो के संबध मैं भी जानकारी दी गई ।ग्राम वासियों को नशा न करने की सलाह दी गई साइबर क्राइम के बारे में भी बताया गया कि किसी प्रकार की मोबाइल से ओटीपी एवं आधार कार्ड का नंबर ना बताएं ऐसा कोई व्यक्ति पूछता है तो तुरंत बैंक एवं पुलिस को सूचना देवें। एवम इस जनसंवाद अभियान के दौरान जनता की समस्याओं का भी निराकरण किया गया है। जनसंवाद में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव , एएसआई दिनेश गौतम, प्रधान आरक्षक अजय पाठक आदि उपस्थित रहे।

## 85 केन्द्रों में हो रहा उपार्जन कार्य, तहसील बहोरीबंद अव्वल

# जिले में अब तक 90 हजार 339 मैट्रिक टन गेहूं उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



रबी विपणन वर्ष 2024.25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए जिले की समस्त तहसीलों में स्थापित 85 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से मंगलवार 14 मई तक की अवधि में कुल 90 हजार 339 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जाकर 78 हजार 130 मैट्रिक टन गेहूं का परिवहन भी किया जा चुका है।

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में उपार्जन का कार्य जारी है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने उपार्जित उपज का अविलंब परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में आवक रजिस्टर संधारित करने के साथ ही उपार्जन केंद्रों के लिये जारी नीति - निर्देशों के तहत केंद्रों में छन्ना, पंखा, मॉइश्चर मीटर, परखी, तिरपाल एवं कृषकों के बैठने के लिए छायादार व्यवस्था तथा पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही राजस्व खाद्य विभाग के अधिकारियों को निरंतर उपार्जन केन्द्रों का भ्रमण कर खरीदी केन्द्रों में कार्य का जायजा लेने के निर्देश दिए है।

जिले की समस्त तहसीलों में किये जा रहे उपार्जन कार्य में मंगलवार 14 मई की स्थिति में तहसील बहोरीबंद निरंतर बढ़त बनाए हुए है। तहसील बहोरीबंद में अब तक कुल 4666 किसानों से 29 हजार 436 मैट्रिक टन गेहूं का उपार्जन कार्य किया जा चुका है इसमें से 26 हजार 782 मैट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर काबिज तहसील ढीमरखेड़ा मे 3870 किसानों से 22 हजार 90 मैट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया जाकर 20 हजार 153 मैट्रिक टन गेहूं का परिवहन भी किया जा चुका है।

तीसरे नंबर पर तहसील विजयराघवगढ़ द्वारा 1373 किसानों से कुल 9 हजार 601 मैट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया जाकर 6 हजार 535 मैट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। वहीं चौथे नंबर पर तहसील स्लीमनाबाद.में 1324 किसानों से 9 हजार 109 मैट्रिक टन की खरीदी की जाकर 8 हजार 612 मैट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। इसी प्रकार पांचवे नंबर पर तहसील बरही द्वारा 1254 किसानों से 6 हजार 134 मैट्रिक टन उपार्जित किया जाकर 4 हजार 289 मैट्रिक टन गेंहू का परिवहन भी किया जा चुका है।

छठवे नंबर पर तहसील रीठी द्वारा 1092 किसानों से 5 हजार 845 मैट्रिक टन की खरीदी उपरांत 4 हजार 753 मैट्रिक टन का परिवहन कार्य किया जा चुका है। वहीं सातवे नंबर पर तहसील बड़वारा में 838 किसानों से 4 हजार 344 मैट्रिक टन की खरीदी उपरांत 3 हजार 461 मैट्रिक टन का उपर्जन के साथ ही तहसील कटनी में 14 मई की स्थिति में कुल 614 किसानों से 3 हजार 781 मैट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जाकर 3 हजार 544 मैट्रिक टन गेंहू का परिवहन भी किया जा चुका है।

# वाहन की टक्कर लगने से युवक की थमी सांसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला थाना क्षेत्र के कैलवारा कलां गांव के मुख्य मार्ग पर एक युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया। गंभीर रूप से घायल इस युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि यह युवक अस्थि विसर्जन कर अपने गृहग्राम वापस लौट रहे परिवार के साथ रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डिंडौरी जिले के शाहपुर थाना अंतर्गत दर्री मोहगांव निवासी यादव परिवार के लोग परिवार के एक सदस्य का अस्थि विसर्जन करने सोमवार को प्रयागराज गए थे। अस्थि विसर्जन करने के बाद परिवार कार से वापस अपने गांव लौट रहा था। मध्यरात्रि के बाद ये सभी लोग कैलवारा कलां के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ढाबे में भोजन के लिए रुके थे।

### वाहन की तलाश शुरू

इस बीच 40 वर्षीय रामलाल पिता टीकाराम यादव लघुशंका के लिए सड़क के दूसरी ओर जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। इस टक्कर में रामलाल बुरी तरह से घायल हो गया। उसके साथ मौजूद रहे लोग तत्काल उसे उठाकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव परीक्षण कराकर आरोपित वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब दुकान का विरोध, ग्रामीणों ने की कलेक्टर से शिकायत

**बरही।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत खितौली ग्रामीण में शराब ठेकेदार द्वारा एक दुकान होने के बाद भी दूसरी दुकान रहवासी क्षेत्र वार्ड नंबर 2 में खोली गई है जिसका वार्ड वासियों ने विरोध किया है। रहवासी क्षेत्र में शराबियों का जमवाड़ा लगा रहता है। महिलाओं का निकलना मुश्किल हो गया है। शराब दुकान बंद करवाने कलेक्टर से शिकायत की गई है। ग्रामीणों का आरोप हैं कि खितौली में लायसेंसी दुकान एक है इसके बाद भी दूसरी दुकान अवैध रूप से खोली गई है। एक लायसेंस में दो दुकान चलाई जा रही है। नियमों की धज्जियां उड़ा रहा ठेकेदार एक दुकान खितौली चंदिया रोड में दूसरी खितौली बरही रोड से लगी 50 मीटर की दूरी पर है। इसके अलावा गांव गांव अवैध पैकारिया भी संचालित हो रही है जिससे गांवों का माहौल बिगड़ रहा है। ग्रामीणों ने अवैध पैकारिया सहित अवैध शराब दुकान बंद करवाने की मांग कलेक्टर से की है।

### अलग अलग स्थानों में हुए हादसों में तीन घायल

**कटनी।** जिले की कोतवाली, कैमोर एवं बड़वारा थाना क्षेत्र में हुए हादसों में महिला सहित तीन घायल हो गये। जानकारी अनुसार बड़वारा थाना क्षेत्र में दोपहर के समय ग्राम बसाडी खदान के पास ओम प्रकाश यादव निवासी ठुठिया सलैया थाना को हाईवा क्रमांक सीजी 04 पीडी 7857 के चालक ने तेजगति से लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से वाहन चलाकर टक्कर मार दी। जिससे उसे चोटें आई हैं। इसी प्रकार कैमोर थानांतर्गत शाम के समय एसीसी कंपनी के अन्दर उषाबाई गोड़ निवासी अमरैयापार को ट्रक एमपी 20 बी 6183 के चालक ने वाहन चलाकर टक्कर मार दी। इधर कोतवाली थानांतर्गत खिरहनी ओव्हरब्रिज पर गत दिवस रात के समय मुकेश चौधरी निवासी ग्राम पिपरौंध को बाइक क्रमांक एमपी 21 जेडए 0123 के चालक ने टक्कर मारकर चोट पहुंचाई।

### जुआ खेलते तीन गिरफ्तार, 1050 रूपए किये जब्त



**कटनी।** जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को बड़वारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बीती शाम के समय ग्राम देवरी हटाई में बरगद के पेड़ के नीचे ताश के 52 पत्तों में जुआ-मन्ना खेल रहे जुआरियों को पकड़ा है जिनके फड़ से टीम ने 1050 रुपए नकद जब्त कर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी थी कि घीसल चौधरी, जागेश्वर चौधरी एवं नंद किशोर चौधरी ताश के 52 ताश में रुपए पैसों का दांव लगाकर अवैध लाभ अर्जित कर रहे है। इस सूचना पर बताए गए स्थल पर टीम ने दबिश देकर तीनों को पकड़ा है।

### अति व्यस्ततम क्षेत्र होने के चलते दिन भर अवरूद्ध होता रहता है आवागमन

# दुकानदार सड़क पर रख रहे सामग्री, झंडा बाजार में पैदल चलना भी कठिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अतिव्यस्ततम क्षेत्रों में शुमार नगर का झंडा बाजार अस्थायी अतिक्रमण की चपेट में है। इस क्षेत्र में दुकानदार अपनी सामग्री सड़क पर रख देते हैं जिससे आवागमन प्रभावित होने के साथ ही जाम की स्थिति बनी रहती है। दुकानें खुलने के बाद यहां से गुजरना बडा कठिन है। मार्ग संकीर्ण हो जाने के चलते दोपहिया वाहन चालकों के साथ साथ राहगीरों को भी चलने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

फुटपाथी पर सामग्री रखने तथा कारोबार करने वालों को सबक सिखाने और दोबारा अतिक्रमण न करने कार्यवाही के नाम पर कभी कभार निगम तो कभी यातायात पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही का दिखावा किया जाता है। दो दिन की सख्ती के बाद फिर वही ढुलमुल रवैया होने की वजह से लोग अब निडर हो गये है। कई बार चेतावनी दी जाती है कि सड़क में लगाये ठेला या सामान रखा है, उसको भी दुकान के अंदर पहुंचा दें। इस दौरान नाली के आगे जो भी सामान रखा हुआ



मिलेगा, उसे टीम जब्त कर लेगी। इस पर आने वाला खर्च भी दुकानदार से वसूल किया जाएगा। यह चेतावनी कई बार जारी की गई, कई बार एनाउंस करवाया गया। इसके बाद आज तक कहीं कोई कार्रवाई नहीं दिखी। ऐसे में अब लोगों को अतिक्रमण अभियान की चेतावनी का कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। फुटपाथ तक दुकानें सजी हैं। उनके लिए यह चेतावनी अब आम बात हो गई है।

#### इन जगहो पर भी है अतिक्रमण

दिलबहार चौक से मिशन चौक तक मुख्य मार्ग यातायात के भारी दवाब के बावजूद अतिक्रमण के चपेट में है। कमानिया गेट गली, सुभाष चौक, सिल्वर टाकीज तिराहा, गर्ग चौराहा, सब्जी मंडी, मोहन टाकीज गली, कारगिल चौराहा, सराफा बाजार रोड, तहसील के सामने, बस स्टैंड, गोलबाजार में अस्थायी अतिक्रमण पसरा हुआ है। लोगों ने अब मुख्य बाजार में जाम से निजात की उम्मीद छोड़ दी है। प्रयोगो से और फजीहत है। दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार मौका दिया जा चुका है लेकिन समस्या नहीं सुधरी।

#### रस्म अदाएगी तक कार्यवाही

अतिक्रमण हटाने को लेकर दिन के समय कोई झांकने वाला नही। कभी कभार अधिकारियों के निर्देश पर कर्मचारी लाव लश्कर के साथ वाहन लेकर लेकर निकलते है। यदि कोई परदेशी व्यक्ति देख ले तो इस बात का अंदाजा लगायेगा कि शहर में अतिक्रमण को लेकर स्थानीय प्रशासन बेहद गंभीर है। लेकिन फुटपाथी व्यवसाइयों को अमले की सारी हरकते पता होती है। वाहन नजर आते ही ठेले वाले ठेला नजरो से ओझल कर लेते हे जबकि जाते ही फिर उसी जगह पर जम जाते है।

# कैमोर के राघवेंद्र ने बढ़ाया नगर का गौरव

**98 फीसदी अंको के साथ बने सेंट अलॉयसिस के टॉपर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कैमोर निवासी राजेश उपाध्याय एवं डॉ संध्या उपाध्याय के होनहार सुपुत्र राघवेंद्र उपाध्याय ने सीबीएसई 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 97 . 8 फीसदी अंक अर्जित कर सेंट अलॉयसिस स्कूल जबलपुर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने माता- पिता और नगर का गौरव बढ़ाया है। राघवेंद्र ने गणित में 99 तथा विज्ञान में 100 में से 100 अंक प्राप्त हुए।

राघवेंद्र ने अपनी प्राइमरी की शिक्षा एसीसी डीएवी स्कूल कैमोर से की थी बाद में परिवार के जबलपुर में बस जाने के बाद आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने सेंट अलॉयसिस स्कूल में दाखिला लिया था। राघवेंद्र के बड़े भाई ऋषि उपाध्याय ने भी पिछले साल सीबीएसई 12 वीं बोर्ड में स्कूल में टॉप करने के बाद नीट का एग्जाम क्लियर किया था। ऋषि वर्तमान में नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे।

मेधावी छात्र ऋषि और राघवेंद्र के पिता राजेश उपाध्याय ने कैमोर इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट से इलेक्ट्रिकल की पढ़ाई कर एसीसी में अपनी सेवाएं दी थी बाद में उन्होंने नौकरी छोड़कर विद्युत संविदाकार के रूप में अपना कैरियर शुरू किया। माता संध्या उपाध्याय ने गृहिणी रहते हुए एम एड और पीएचडी कम्प्लीट की।

राजेश उपाध्याय कैमोर निवासी डॉ एच एस उपाध्याय के छोटे भाई हैं। बड़े भाई ऋषि और छोटे भाई राघवेंद्र की। इस उल्लेखनीय सफलता पर उपाध्याय परिवार तो हर्षित है ही परिजनों और मित्रों में भी खुशी की लहर है सभी ने इन होनहार भाइयों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रेषित किया है।

**प्रकरणों के निराकरण कार्य में तेजी लाने कलेक्टर के निर्देश**

# जिले में अब तक 777 लंबित सीमांकन प्रकरणों का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत राजस्व अधिकारियों द्वारा किये गये बेहतर कार्य की वजह से हर दिन औसतन सवा सौ से अधिक सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है।

अभियान के तहत जिले की 9 तहसीलों के 26 न्यायालय में एक दिवस में ही सीमांकन के लंबित 126 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस प्रकार जिले में अब तक सीमांकन के कुल 777 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने शेष लंबित सीमांकन के प्रकरणो का निराकरण मिशन मोड पर करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये है।

#### प्रकरणों के निराकरण में करें प्रभावी कार्यवाही

कलेक्टर श्री प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों को सीमांकन प्रकरणों के निराकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बताते चलें कि कलेक्टर श्री प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में निर्देशित किया था कि वर्तमान में गेहूं की फसल की कटाई की जा चुकी है ऐसे में जून माह तक खेतों के खाली रहने की ही संभावना है। यह स्थिति सीमांकन करने के लिए आदर्श और बेहतर स्थिति है। इसलिए सभी राजस्व अधिकारी इस सहज और अनुकूल स्थिति में लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की दिशा में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करें। ताकि सीमांकन के सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण हो सके। इसके बाद सीमांकन प्रकरणों के निपटारे में तेजी आई है।

#### बहोरीबंद तहसील अग्रणी

सीमांकन मामलों के लंबित प्रकरणों के निपटारे के नजरिये से जिले की बहोरीबंद तहसील अग्रणी है। यहां अब तक 105 सीमांकन के प्रकरण निराकृत किये जा चुके है। इसी प्रकार द्वितीय स्थान पर तहसील ढीमरखेड़ा, स्लीमनाबाद और कटनी नगर द्वारा सीमांकन के 100-100 प्रकरणों का संयुक्त रूप से निराकरण किया जाकर दूसरे स्थान पर काबिज है। जबकि तीसरे स्थान पर तहसील बड़वारा सीमांकन के 89 प्रकरणो का निराकरण किया है।

#### कटनी सबसे पीछे

तहसील विजयराघवगढ़ सीमांकन के 78 प्रकरणों का निराकरण करते हुए संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर काबिज है। वहीं तहसील बरही द्वारा पांचवे स्थान पर अब तक कुल सीमांकन के लंबित 73 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। इसी प्रकार तहसील रीठी द्वारा छठे स्थान पर रहकर 67 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया गया है। जबकि तहसील कटनी अब तक सीमांकन के लंबित 65 प्रकरणों का निराकरण कर अंतिम पायदान पर है।

### रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का किया जा रहा आयोजन



दिग.जैन सोशल ग्रुप रॉयल कटनी के तत्वाधान में शासकीय अस्पताल रोड़ पर स्थित लॉर्ड महावीर इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर में 6 दिवसीय रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें रॉयल जैन प्रीमियर लीग बॉक्स क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट में पहले दिन 3 मैच हुए , जिसमे पहले मैच दयोदय कैपिटल और जीवनज्योति डेयरडेविल के बीच खेला गया । जिसमे दूसरा मैच आकर्ष पावर हीटर्स और यू एस जे नाइटराइडर्स के बीच खेला गया। तीसरा मैच कस्तूरी किंग्स और सरावगी सुपरकिंग्स के बीच खेला गया । जिसमे जिसमे कटनी दिगंबर जैन समाज की 8 टीम कस्तूरी किंग्स,सरावगी सुपरकिंग्स, न्यू पिंच सुपर जाइंट्स, एम सी एल रॉयल चैलेंज, दयोदय कैपिटल, आकर्ष पावरहीटर्स , यू एस जे नाइटराइडर्स , जीवन ज्योति डेयरडेविल के कुल मिलाकर 64 खिलाड़ी मैदान में आमने सामने है । कार्यक्रम का आयोजन दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रॉयल के द्वारा , दिगंबर जैन शिक्षा समिति के सहयोग से होने जा रहा है ।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण आहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बारडोली वेलफेयर सोसायटी द्वारा मंगलवार को ग्राम पंचायत बड़ेरा, जनपद पंचायत, बड़वारा जिला कटनी में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण आहार के वितरण का कार्यक्रम किया गया, संस्था द्वारा बड़ेरा क्षेत्र के सर्व अंतर्गत सामान्य से कम वजन के बच्चों की सूची तैयार कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर पोषण के वितरण कर बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने हेतु संस्था के द्वारा एक पल की गई है।

संस्था के अध्यक्ष आर एल चौधरी द्वारा जानकारी दी गई है कि संस्था द्वारा विभिन्न ब्लाकों में यह कार्य आगे भी किया जाता रहेगा इन्होंने समस्त बच्चों के माता-पिता से आग्रह किया की महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के



बताएं अनुसार पूरा पोषण आहार का उपयोग कर एवं वजन टीकाकरण एनआरसी रेफर किए जाने पर तत्काल भर्ती होकर बच्चे को पूर्ण स्वस्थ करवा लें पोषण के माध्यम से माता-पिता में जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है आगे भी यह काम बारडोली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किया जाएगा इस कार्यक्रम में बड़ेरा पंचायत की समस्त कार्यकर्ता सहायिका, एएनएम, एवं सचिव की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न योजनाओं को लेकर भी प्रचार प्रसार किया पोषण किट दलिया,दूध पाउडर, सोयाबीन बड़ी,बिस्कुट,चना एवं फलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच मीही लाल चौधरी, राम रतन सेन (सचिव) एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रूपा बर्मन आदि मौजूद रहीं

**पुलिस व आमजनों के सामंजस्य स्थापित करने जनसंवाद कार्यक्रम**

# अपराधिक घटनाओं, साइबर जालसाजी से बचने नागिरकों को किया गया सचेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं डॉ संतोष डेहरिया, श्रीमति ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्गदर्शन में अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर ने ग्रामो, मोहल्लो में अपराध के संबंध में जागरुगता के अभाव में जिले में नाबालिग लड़कियों के गुमने, सायबर अपराध का शिकार होने, सड़क दुर्घटना में मृत्यु अथवा घायल होने की घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए थाना माधवनगर क्षेत्र के अंतर्गत सार्वजनिक जाग्रति पार्क में जनसंवाद का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी ने लोगों से नाबालिग बच्चियों के गुमने के संबंध में, और सायबर अपराध का शिकार होने के संबंध में जनता को



जागरुक करने, सड़क दुर्घटना में मृत्यु अथवा घायल होने की घटनाओं के संबंध में जागरूक करने के प्रयास किए गए। इसके अलावा पेय जल समस्याये, नशा मुक्ति के संबंध में जनता को जागरुक करने, किसानो की समस्याये, बिजली समस्याये सहित अन्य समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही निराकरण करने की कार्यवाही की गई।

#### यात्रियों एवं व्यापारियों से संवाद

बस स्टैंड मैं मौजूद यात्रियों और व्यापारियों से आज बस स्टैंड चौकी प्रभारी अंकित मिश्रा ने जन संवाद किया। यात्रियों और व्यापारियों से जन संवाद करते हुए चौकी प्रभारी ने उन्हें अपराधिक तत्वों से सावधान रहते हुए अपराधिक घटनाओं के संबंध में पुलिस को त्वरित सूचना देकर सहयोग करने की अपील की। जानकारी देते हुए बस स्टैंड चौकी प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं पुलिस तथा आम जनों के बीच में बेहतर सामंजस्य बैठाने के लिए जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

पुलिस के द्वारा नागरिकों से बस स्टैंड परिसर में संवाद किया गया। लोगों से जन संवाद करते हुए उन्हें साइबर अपराधों, महिला संबंधी अपराधों, सड़क हादसों के अलावा गुम हुए बच्चे बच्चियों के संबंध में त्वरित पुलिस को सूचना देने की समझाइस देते हुए उनकी समस्याएं भी सुनी गई। इस दौरान मौजूद लोगों ने कुछ अपनी समस्याएं भी बताएं जिसका मौके पर निराकरण करने के प्रयास किए गए।

### सीएम राइज स्कूल में 13 दिवसीय समर कैम्प का हुआ समापन

# बच्चों में शिक्षा के साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए 5 विधाओं में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

13 दिवसीय समर कैंप के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बैगा जनजाति विवाह गीत की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। गौरतलब है कि करेला गांव में संचालित सीएम राइज स्कूल समर कैंप का आयोजन किया जा रहा था।

समापन अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज माँ सरस्वती वंदना हे स्वर की देवी माँ, वाणी में मधुरता दो, मैं गीत सुनाती हूँ, संगीत की शिक्षा दो की बेहतरीन प्रस्तुति के साथ हुआ। अतिथियों के स्वागत के लिए सुमधुर स्वागत गीत के उपरांत देशभक्ति से ओत-प्रोत ऐसा देश है मेरा..गीत की प्रस्तुति स्कूल की छात्राओं द्वारा दी गई। कार्य का संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक वृजेंद्र तिवारी खितौली ने किया।

इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य रामकृष्ण शुक्ला ने अपने उद्बोधन में बताया कि 13 दिवसीय इस समर कैम्प का मकसद बच्चों में शिक्षा के अलावा उनके सर्वागीण विकास व





उनकी रुचि के आधार पर 5 विधाओं पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमे 100 छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग, ड्राइंग, संगीत, योग एवं खेल-कूद प्रतियोगिता में पूरे उल्लास के साथ सहभागिता निभाते हुए अपने-अपने हुनर का प्रदर्शन किया, शैक्षणिक गतिविधियों पर उन्होंने बताया कि गत वर्ष 2 बच्चों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन पर शासन से लैपटॉप मिला था, इस सत्र में 21 प्रतिभावान विद्यार्थियों को लैपटॉप मिलने जा रहा है। 13 दिन तक आयोजित हुए कार्यक्रमों के बेहतर संचालन व सम्पूर्ण व्यवस्था के लिए स्कूल के शिक्षक शिक्षारत्न विनोद सकवार के प्रयास व सहयोग की प्रशंसा की गई।

#### प्रस्तुति को मिली सराहना

कार्यक्रम के अंत मे दर्पण रंग समिति के रंगकर्मी दुर्गेश सोनी के डायरेक्शन में बैगा चक आदिवासियों की उत्पत्ति व उन्हें सौपे गए कार्य को बैगा अनन्य गाथा के गीत के माध्यम से बेहतरीन प्रस्तुति को खूब तारीफ मिली। वहां मौजूद सभी अतिथि, अभिभावक व बच्चे एक टक, खुद को भूलकर बैगा चक की प्रस्तुति में कुछ पल के लिए डूब गए। इस प्रस्तुति के उपरांत संस्था अध्यक्ष दीपक अग्रवाल में बैगा चक पर प्रकाश डाला। 13 दिवसीय इस समर कैंप के प्रतिभागियों को प्रसस्ति-पत्र, मोमेंटो भेंट कर उनका हौसला बढ़ाया गया। स्कूल प्राचार्य ने इस प्रस्तुति को देखकर दर्पण रंग समिति के कलाकार दुर्गेश सोनी, रक्षा सोनी की कला की सराहना करते हुए कहा कि इस समिति ने यहां प्रतिभारूपी हीरा तरासने का कार्य किया है।

यहां आयोजित हुई पेंटिंग प्रतियोगिता में ज्यादातर पेंटिंग वन, पर्यावरण, जल संरक्षण, स्वच्छता एवंआदिवासियों के संरक्षण पर थी, जिनमे सबसे खास पेंटिंग चावल से प्रभु श्रीराम एवं हनुमान की आकृति आकर्षण का केंद्र रही। इस पेंटिंग का निर्माण स्कूल की 12वी की छात्रा कल्पना सेन ने किया।

#### इनका रहा योगदान

ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रशिक्षक विनोद सकवार एवं श्रीमति रक्षा सोनी, योग अभ्यास अभिषेक मिश्रा एवं शैलेंद्र पाण्डे,खेल प्रशिक्षक सतेंद्र सिंह एवं पुनीत मिश्रा, इंग्लिश स्पोकन क्लास कमलेश बर्मन,, एवं धर्मेंद्र कुमार सिंह, संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षक – दुर्गेश सोनी दर्पण रंग समिति, ढोलक वादक- अनिल दुबे, तबला वादक – विद्यालय का छात्र कृष्णा यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# 31 मई तक की जाएगी चना, मसूर और सरसों की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के किसानों से चालू रबी विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों की खरीदी निर्धारित उपार्जन केंद्रों पर की जा रही है। चना, मसूर और सरसों के उपार्जन का कार्य अब जिले में 31 मई तक जारी रहेगा। चिन्हित उपार्जन केन्द्रों पर शासन द्वारा चना 5 हजार 440 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर 6 हजार 425 रुपये प्रति क्विंटल एवं सरसों 5 हजार 650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है।

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशानुसार सभी उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की सुविधा को देखते हुये शुद्ध पेयजल, छायादार बैठने के स्थान, सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने पहले ही कृषि विभाग को निर्देशित किया जा चुका है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे उपार्जन केन्द्रों या कियोस्क अथवा स्वयं द्वारा अपनी सुविधानुसार स्लॉट बुक कर अपनी उपज का विक्रय शासकीय उपार्जन केन्द्रों पर करें।

### छात्रवृत्ति के लिये आवेदन की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिये ऑनलाईन आवेदन एमपीटास पोर्टल पर 15 मई तक किये जा सकेंगे। निर्धारित तिथि उपरांत यदि कोई विद्यार्थी आवेदन भरने से वंचित रह जाता है, तो इसके लिये विद्यार्थी एवं संस्था प्रमुख स्वतः जवाबदार होंगे।

## खबर संक्षेप

### गणना पर्यवेक्षक/ गणना सहायक/ माईक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण 15 एवं 23 मई को

**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के संपादन में संलग्न अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने की कार्यवाही प्रारंभ की जा चुकी है। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने बताया 16 मई एवं 24 मई 2024 को गणना पर्यवेक्षक / गणना सहायक / माईको आब्जर्वर में संलग्न अधिकारी/कर्मचारियों के प्रशिक्षण की कार्यवाही शासकीय मॉडल कालेज, बरपटी दमोह में प्रारंभ की जायेगी। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नोडल अधिकारी से कहा है 15 मई एवं 23 मई 2024 को प्रशिक्षण स्थल शासकीय मॉडल कॉलेज, बरपटी दमोह में प्रातः 11 बजे से कार्य समाप्ति तक साफ-सफाई व्यवस्था एवं फर्नीचर व्यवस्थित रखे जाने हेतु कक्ष क्रमांक 01 से 10 तक में साफ-सफाई व्यवस्था कराये जाने हेतु एवं फर्नीचर कक्षों में व्यवस्थित रखे जाने हेतु 08 साफ-सफाई कर्मचारियों को भिजवना सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार प्रशिक्षण 16 मई एवं 24 मई 2024 को संलग्न अधिकारी/कर्मचारियों को शुद्ध ठंडे पेयजल कंटेनर प्रातः 08 बजे शासकीय मॉडल कॉलेज, बरपटी दमोह में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। कंटेनर सुरक्षा हेतु विभागीय कर्मचारी को संलग्न किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

कागजों पर हुआ निर्माण

# 57 लाख से स्वीकृत बाढ़ नियंत्रण दीवार नदी के घाट से नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



शासन की योजनाओं से गांव में विकास कार्य कार्य हेतु निर्माण कार्यों की योजना बनाकर उन पर खर्च होने वाली राशि ग्राम पंचायतों को स्वीकृति प्रदान करती है जिससे ग्राम का विकास हो सके लेकिन वह निर्माण जमीनीं स्तर पर कहीं नहीं देखा जा रहा है जबकि उस कार्य के नाम पर राशि जरूर आहरित कर ली गई है मामला जनपद पंचायत के अधीन आनें वाली ग्राम पंचायत हरदुआ उमराव के अंतर्गत आनें वाले ग्राम इटवा-छक्का में सामने आया है जहां ग्राम से निकली व्यारमा नदी के घाट पर चार बाढ़ नियंत्रण दीवारों के निर्माण कार्य की स्वीकृति बर्ष 2023 में प्रदान की गई थी जिनकी कुल लागत राशि 57 लाख थी जिसमें ग्राम पंचायत के ठेकेदार व जनपद के जिम्मेदार अधिकारी से सांठगांठ करते हुए नदी के घाटों पर बननें वाली बाढ़ नियंत्रण दीवाल का निर्माण तो नहीं हो सका बल्कि उस कार्य के नाम पर 2 लाख 88 हजार की राशि मटेरियल के नाम पर बिल लगाकर आहरित कर ली गई।

### नींद से कब जागेगें जनपद के जिम्मेदार

उल्लेखनीय है कि ग्राम इटवा छक्का में व्यारमा नदी के किनारे बर्ष 2023 में चार बाढ़ नियंत्रण दीवालों के निर्माण कार्य कराए जाने की स्वीकृति मिली थी जिससे बारिश के मौसम में नदी का जल स्तर बढ़ जानें से यह बाढ़ नियंत्रण दीवाले कुछ हद तक पानी के बहाव को रोक सके जिससे ग्राम में बाढ़ का पानी प्रवेश न कर सके उसके लिए ही शासन द्वारा नदी किनारे बसे गांव में इस योजना को शुरू कर बाढ़ नियंत्रण दीवालों के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई थी परंतु ग्राम पंचायत हरदुआ उमराव में इस प्रकार का निर्माण कार्य नदी के घाट पर देखनें को नहीं मिला जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि भ्रष्ट्राचार की इबारत में निर्माण कार्य की नींव भी नहीं रखी गई और कागजों पर निर्माण कार्य के नाम पर लाखो की राशि आहरित कर ली गई। इस संबध में ग्राम पंचायत रोजगार सहायक मायाराम पटेल का कहना है कि मुझे इस कार्य की जानकारी नहीं है कि कब बाढ़ नियंत्रण दीवाल स्वीकृत हुई और न ही आहरित की गई राशि का मुझे पता है।

# दीक्षा दिवस उपकार दिवस है-मुनि श्री सुधा सागर

### निर्यापक मुनियों के सानिध्य में मुनि श्री पदम सागर का दीक्षा दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह




दमोह के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी मे आचार्य भगवान श्री विद्यासागर जी महाराज एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी एवं श्री प्रसाद सागर जी महाराज संघ सहित विराजमान है वही बुधवार को एक और निर्यापक मुनि श्री वीर सागर जी महाराज की प्रातः बेला में संघ सहित अगवानी होने जा रही ळें जैन धर्मशाला में मंगलवार सुबह निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर एवं श्री प्रसाद सागर जी के ससंघ के सानिध्य में मुनि श्री पदम सागर जी का 25 व मुनि दीक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षा दिवस उपकार दिवस है गुरु के उपकार को कभी नहीं बुलाया जा सकता आचार्य श्री ने चैतन्य कृतियों की रचना की है चैतन्य कृति को लिखने वाला महान होता है। चैतन्य कृति लिखना बहुत कठिन है चैतन्य कृति पराधीन एवं अचेतन कृति स्वतंत्र है अचेतन कृति लिखने वाला खुश होता है जबकि चेतन कृति वाला जिस पर लिखा गया वह खुश होता है। हम आचार्य श्री की चेतन कृतियां हैं दीक्षा से गुरु नहीं वरन दीक्षा लेने वाला धन्य हो जाता है दीक्षा से आनंद सुख की अनुभूति होती है। गुरु तब धन्य होता है जब उसकी पहचान शिष्य से होती है शिष्य के गलत कार्य करने से गुरु का नाम बदनाम होता है।

इसके पूर्व मुनि श्री पदम सागर जी ने कहा कि उनके बैराग की एक लंबी कहानी है अनेक उतार चढ़ाव के पश्चात उन्हें परम उपकारी गुरु से दीक्षा लेने का सौभाग्य मिला गुरु के उपकार को जन्म-जन्मतर तक नहीं भूला जा सकता। निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी महाराज ने कहा कि गुरु तो हमारे जीवन में चार्जर की तरह होते हैं जो हमारी आत्मा को चार्ज कर देते हैं। गुरु के संसर्ग से आत्मा पवित्र और मृदु हो जाती है और वह मोक्ष मार्ग के लिए अग्रसर हो जाती है। आज मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज का पाद प्रक्षालन का सौभाग्य पंडित सुरेश शास्त्री परिवार को प्राप्त हुआ। आहारचर्या के सौभाग्यशाली परिवार मंगलवार को निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी का पड़गाहन करके अपने चौके में आहार कराने का सौभाग्य मुनि श्री निर्मोह सागर जी के गृहस्थ जीवन के परिवार को प्राप्त हुआ।

## धर्म की रक्षा करने के लिए लिया अवतार

**बनवार।** बम्होरी ग्राम में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव,भक्ति उल्लास के साथ मनाया गया। परमात्मा श्रीकृष्ण आनंद के सागर हैं। भगवान अवतरित होते हैं, तो सारे बंधन टूट जाते हैं। भगवान श्रीकृष्ण जिस समय अवतरित हुए उस समय कारागार के सभी पहरेदार सो गए। मां देवकी और वासुदेवजी की बेडि़यां और हथकड़ी टूट गईं। हर तरफ उत्साह का अपूर्व वातावरण था। भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म रक्षा के लिए इस संसार में अवतार लिया।' उक्ताशय के उद्गार बम्होरी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास श्री कृष्ण चरणानुरागी आशीष गुरु जी ने व्यक्तकिए। कथा में श्रीकृष्ण जन्म होते ही भक्तखुशी से झूम उठे। श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का सजीव मंचन किया गया।उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने संसार के सभी प्राणियों को असुरों के अत्याचार से मुक्तकराने के लिए अवतार लिया। श्रीकृष्ण आनंद के सागर हैं। वे भक्तवत्सल हैं। कथा में श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग के पूर्व उन्होंने भरत प्रसंग का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि इस संसार में जो भी अंहकार करते हैं, उनका पतन निश्चित होता है। अहंकारी प्राणियों को प्रभु की भक्ति भी नहीं मिलती। कंस को बहुत ही अहंकार था और भगवान के जन्म के बाद से ही वह बहुत भयभीत हो गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## धर्म जानने के लिए गीता, भागवत और रामायण पढ़ो : पं उमाशंकर शास्त्री

**बनवार।** समीपी ग्राम खेड़ार मैं संकट मोचन हनुमान मंदिर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में भक्तों को पंडित उमाशंकर शास्त्री महाराज श्री के द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई जिसमें श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया महाराज श्री ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन मन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है उन्होंने कहा कि वर्तमान में कुछ युवा अपने धर्म को नहीं मानते। धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत और रामायण पढ़ो। जिससे आने वाली पीढ़ी को भी संस्कारी हो जाएगी।क्योंकि बच्चों में अच्छे नैतिक मूल्य, माता पिता का सम्मान, बुराई पर अच्छाई की जीत,अपने वचन पर कायम रहना, परिवार में भाईचारा आदि गुणों के बारे में सिखाने के लिए रामायण से बेहतर उदाहरण और कहीं देखने के लिए नहीं मिलेगा।

## अहिंसा अलंकरण सम्मान प्रदान किया गया



**दमोह** शाकाहार उपासना परिसंघ के द्वारा प्रतिवर्ष दिया जाने वाला अहिंसा महावीर चक्र एवं धर्म महावीर चक्र पुरस्कार अहिंसा अलंकरण समारोह में प्रदान किया गया। निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में जिज्ञासा समाधान अवसर पर दिये गए। संयोजक सुनील वेजीटेरियन ने बताया कि संस्था पिछले 30 वर्षों से निरंतर पुरस्कार प्रदान कर रही है। अहिंसा एवं शाकाहार के क्षेत्र में तथा धर्म और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करते आ रहे हैं। इसमें इस वर्ष तेंदूखेड़ा गौशाला अध्यक्ष संजय पारसमणि को अहिंसा महावीर चक्र एवं दमोह के दानवीर संजय जैन अरिहंत को धर्म महावीर चक्र पुरस्कारों से अलंकृत किया गया।

# रामभक्त गोस्वामी तुलसीदास जी के लिए प्रेत ने बताया था हनुमान जी का पता - पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय तीनगुल्ली स्थित अमित सीरोठिया के निवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि तुलसीदास जी ने अपना जीवन प्रभु श्रीराम जी की भक्ति में व्यतीत किया था। जब तुलसीदास जी का जन्म हुआ था तो वह रोये नहीं थे बल्कि उनके मुख से पहला शब्द राम निकला था इसलिए तुलसीदास जी को रामबोला भी कहा गया। पौराणिक कथाओं में गोस्वामी तुलसीदास जी के अनेक प्रसंग मिलते हैं। तुलसीदास जी को हनुमान जी का पता एक प्रेत ने बताया था तुलसीदास जी की पत्नी का नाम रत्नावली था जब तुलसीदास जी का विवाह रत्नावली से हुआ तो वह उनके आकर्षण में इतना खो गए थे कि उन्होंने बाहर की दुनिया को भूला दिया। इससे परेशान होकर रत्नावली अपने मायके चली गई लेकिन तुलसीदास जी भी पीछे-पीछे वहां पहुंच गए तब उनकी पत्नी ने ऐसे ऐसे वचन बोले कि उनका वैराग्य जाग उठा और वो श्रीराम की खोज में निकल पड़े। तुलसीदास जी ने अपना घर छोड़ दिया और 14 वर्षों तक तीर्थ यात्रा की लेकिन तब भी उनको सत्य का ज्ञान नहीं हुआ और उन्होंने यात्राओं में इकट्ठा किए गए। कमंडल में जल को सूखे पेड़ की जड़ों में फेंक दिया। उस पेड़ में एक आत्मा का वास था वह तुलसीदास जी से प्रसन्न हुई और कुछ मांगने को कहा जब तुलसीदास जी ने रामदर्शन करने की इच्छा जताई इस पर आत्मा ने तुलसीदास जी को कहा कि तुम हनुमान मंदिर जाओ वहां रामायण का पाठ होता है जिसे सुनने स्वयं हनुमान जी कोढ़ी के वेश में आते हैं। तुम उनके पैरों में गिरकर मदद मांगना वो तुम्हारी जरूर मदद करेंगे तुलसीदास जी प्रेत के बताए अनुसार हनुमान मंदिर में पहुंचे और रामायण का पाठ सुनने लगे उन्होंने देखा कि एक कोढ़ी रामायण कथा सुनने में मग्न है तुलसीदास जी समझ गए। और वह उनके पास पहुंच गए तुलसीदास जी उनके पैरों में गिर गए और उनकी स्तुती करने लगे तब हनुमान जी ने उनको वास्तविक रूप में दर्शन दिए और जल्द ही श्रीराम से मुलाकात का वरदान देकर अंतर्ध्यान हो गए इसके बाद तुलसीदास जी चित्रकूट के घाट पर भगवान श्रीराम की प्रतिमा के तिलक के लिए चंदन कूट रहे थे तब स्वयं श्रीराम ने उनको दर्शन दिए इससे तुलसीदास जी प्रसन्न हुए श्रीराम के आशीर्वाद के बाद तुलसीदास जी को ज्ञान की प्राप्ति हुई।

# सामूहिक प्रयासों एवं वाटर एड संस्था की एक नई पहल



### स्वच्छ सुंदर शौचालय निर्माण और ग्रे वॉटर कार्य कराया गया

**बनवार।** दमोह विधानसभा अंतर्गत आने वाले ग्राम जुझार में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व में बनाए गए। शौचालय आधे अधूरे एवं क्षतिग्रस्त होने की वजह से अधिकांश ग्राम अनुपयोगी साबित हो रहे थे। जिन्हें उपयोगी बनाने के लिए ग्रामीणों के सामूहिक एवं वाटर एड संस्था द्वारा एक नई पहल जुझार ग्राम में देखने को मिल रही है। यहां पुनः स्वच्छ सुंदर शौचालय निर्माण और ग्रे वॉटर कार्य कराया जा रहा है और गांव के लोगों द्वारा इस कार्य की प्रशंसा की जा रही हैं जो की जिले भर में अनोखी पहल बताई जा रही है। गांव के युवा कड़ोरी सेन ने बताया कि शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं ग्रे वॉटर बनाए जा रहे हैं। जो जल संरक्षण के लिए बहुत उपयोगी है और गंदे जल का निपटान एवं गांव कि गलियों में गंदा पानी बहता है जिसको लेकर रोकने के लिए ग्रामीणों का सामूहिक प्रयास एवं संस्था दोनों के बराबर सहयोग स्वच्छ सुंदर शौचालय की फोटो दृष्टिगोचर हो रही है। वाटर एड संस्था के ब्लॉक को ऑर्डिनेटर आशीष ठाकुर ने बताया कि बच्चों को शासकीय शाला परिसर जुझार में सुंदर शौचालय एवं हाथ धोने के लिए हैंड वॉशिंग स्टेशन व पानी की व्यवस्था रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कार्य किया गया है। दमोह विधानसभा के 14 ग्राम पंचायतों के 31ग्रामों में जल स्वच्छता पर कार्य कर रही है और जुझार गांव के युवाओं द्वारा स्मार्ट गांव बनाने की सोच रखी गई है। जो युवाओं में नई पहल देखने को मिलेगी और निरंतर साफ सफाई अभियान कार्य गांव के मुख्य मार्गो से चल रहा है। साफ सफाई दिख रही है इस पहल में ग्राम के युवाओं का विशेष सहयोग मिल रहा है।

## मेघा ने कक्षा दसवीं में अर्जित किये 95.6 प्रतिशत अंक



**हटा।** सीबीएससी द्वारा सोमवार को कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें नवोदय विद्यालय हटा में अध्यनरत मेघा पटेल ने 500 में से 478 (95.6%) अंक प्राप्त कर नवोदय विद्यालय में कक्षा दसवीं में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपना परचम लहराया। मेघा पटेल श्री गंगाराम पटेल जनपद सदस्य देवरी की नातिन एवं जानकी पटेल देवेंद्र कुमार पटेल शिक्षक की पुत्री है। मेघा की इस उपलब्धि पर कुर्मी समाज के लोगों ने बधाई देकर बेटी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय श्री अजय प्रकाश मिश्र, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं श्रीमति अर्चना सिंह, जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति, हटा के मार्गदर्शन में मंगलवार को ग्राम मगरौन एवं सगरौन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जहां शिविर में सुश्री दिव्यानी सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। न्यायधीश द्वारा उपस्थित ग्रामीण जनों को जन लोकोपयोगी अदालत के संबंध में बताया कि प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को आयोजित होने वाली जनोपयोगी लोक अदालत में बिजली, जल, स्वच्छता, चिकित्सा एवं यातायात सेवाओं से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की जाती है जिसमें कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत प्रस्तुत कर उसका निराकरण करा सकता है। उन्होने पीड़ित/परिवादी के संबंध में शासन द्वारा निर्मित म.प्र. पीड़ित प्रतिकर योजना के संबंध में बताया कि इस योजना के तहत न्यायालय द्वारा पारित आदेशानुसार पीड़ित को प्रतिकर एवं पुर्नवास उपलब्ध कराया जाता है। उनके द्वारा ग्रामीणों को बताया कि गांव में कोई भी अपराध कारित होने पर उसकी सूचना सर्वप्रथम संबंधित थाने को दी जाकर एफ.आई.आर. दर्ज कराई जानी चाहिए। तथा अपराध से संबंधित किसी भी वस्तु को छूना नहीं चाहिए उन्होने बताया कि बिना लाइसेंस एवं बीमा के मोटर साईकिल का प्रयोग नहीं करना चाहिए यह कानूनी अपराध है। इसी प्रकार कृषि कार्य हेतु पंजीकृत ट्रेक्टर का व्यावसायिक उपयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने महिलाओं के लिए धारा 125 द.प्र.सं. एवं घरेलू हिंसा विषय पर उपस्थित ग्रामीणजनों को जानकारी दी गई।

# समय-सीमा बैठक में दिए गये अहम दिशा निर्देश



**दमोह।** बारिश के पहले जहां-जहां पर पेड़ों की कटिंग कराई जाना आवश्यक हो, कर ली जाए। विद्युत वितरण कंपनी उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम का नंबर जारी किया जाए, ताकि आवश्यक होने पर उपभोक्ता उक्त नंबर पर कॉल कर सकें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज समय-सीमा बैठक के दौरान विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्कूलों में विद्युतीकरण कार्य के संबंध में चर्चा करते हुए कार्य तत्परता से करने के लिए कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा और एडिशनल कलेक्टर मीना मसराम, एसडीएम सहित अन्य जिला अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अनुसूचित जाति जनजाति के छात्रों, जिनके आधार समग्र के साथ जाति प्रमाण पत्र और जन्मतिथि की तकनीकी समस्या है, निराकरण के लिए दिशा निर्देश देते हुए कार्रवाई समय सीमा में करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा इस कार्य को अभियान के रूप में किया जाना है। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी जिला अधिकारियों से कहा है सीएम हेल्पलाइन, दमोह हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी के तहत प्रकरणों का समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए अन्यथा की स्थिति में कार्यालय प्रमुखों के वेतन से राशि काटी जाएगी। उन्होंने कहा सभी अधिकारी सुनिश्चित कराये प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में हो जाए। कलेक्टर ने कहा इन कार्यो में कोताही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध नोटिस जारी किए जा रहे हैं। आयोजित इस बैठक में कलेक्टर श्री कोचर ने फूड एंड सेफ्टी विभाग द्वारा प्रतिदिन की जा रही कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा गत दिनों समन्ना बाईपास पर बिना लाइसेंस के पानी पाउच निर्माण एवं विक्रय करने पर वाटर प्लांट को सील किया गया। लगातार कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### नोहटा में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**बनवार।** जबेरा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी के प्रयासों से उनके गृह ग्राम नोहटा की ग्राम पंचायत भवन में श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट के द्वारा आधुनिक मशीनों सहित निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी नितिन राय द्वारा बताया गया कि नेत्र से संबंधित उपचार के लिए 36 लोगों ने परीक्षण करवाया और लाभ प्राप्त किया।

# श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन, गोवर्धन धरण एवं भगवान को छप्पन भोग लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

कुंडलपुर पटेरा रूंद वाले हनुमान मंदिर में आयोजित कथा के मार्गदर्शक महंत श्री गजेन्द्र पुरी जी महराज श्रीमद भागवत कथा में सभी भक्तों को किशोरी वैष्णवी गर्ग जी द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई, जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। किशोरी जी ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए किशोरी जी ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया।

किशोरी जी ने कहा सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं।

पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दी ,मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। 'अच्छा खोल मुख।' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदा जी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्ण ज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यहब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को। श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो हो चुकी बाललीला, फिर तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी। जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गयीं।

किशोरी जी ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नही मानते है, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत ,रामायण पढ़ो तो, तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी। ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोडकर गिर्राज जी की पूजा शुरू कर दी तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की, तब कृष्ण भगवान ने गिर्राज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया। तब इंद्र को भगवान की सत्ता का अहसास हुआ और इंद्र ने भगवान से क्षमा मांगी व कहा हे प्रभु मैं भूल गया था की मेरे पास जो कुछ भी है वो सब कुछ आप का ही दिया है। बुधवार को श्रीकृष्ण रूकमडी बिबह होगा

### मुख्य यजमान

श्रीमती कौशल्या रानी गर्ग, श्रीमती कमल रानी गर्ग, जानकी सीताराम दुबे, नन्नी बाई कोमल सिंह परिहार, मुन्नी बाई वीरेंद्र सिंह चौहान, माया देवी सिंह राजपूत, दौलत राम कुर्मी, कुसुम रानी, विमलेश रानी कल्याण यादव, संतोष रानी लोक राम कुशवाहा, रामानंद किशोर सैनी, सुशीला कैलाश ताम्रकार, प्रभा रानी बारेलाल पटेल, शीला बाई कुर्मी, पान बाई मोहनलाल साहू, बेनी बाई प्रताप यादव, ओमकार यादव, प्रभा राजाराम साहू , विमला बाई कुर्मी, छोटी बाई कुर्मी, , पूना बाई कुर्मी,पान बाई बर्मन ,जानकी बाई राजपूत ,महारानी चुन्नी लाल कुर्मी ,सुहाग रानी जगमोहन पटेल एवं समस्त ग्रामवासी कुंडलपर समस्त यजवानों ने कथा श्रवण करने की अपील की है

## मौसम ने ली करवट, जिले में कई जगह जोरदार बारिश के साथ ओले भी गिरे, गर्मी से राहत

# दिन में तापमान पहुंचा 42.5 डिग्री पर शाम को बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मंगलवार को दिन में जहां सूर्य ने अपनी तपिश से सभी को हलाकान कर दिया तो वहीं शाम को सूर्य को ओवरटेक करते हुये काले मेघ जमकर बरसे व मौसम सुहाना कर दिया। दोपहर 4 बजे के बाद से ही तेज हवायें व आंधी चलने लगी व देखते देखते आसमान बादलों से भर गया जो कुछ ही देर में बारिश में भी तब्दील हो गया। कुछ इलाकों में छोटे छोटे ओले भी गिरे। रात 8 बजे तक रूक रूक कर बारिश हो रही थी। बारिश की वजह से लोगो को गर्मी से राहत मिली व मौसम में ठंडक घुल गई। मौसम सुहाना होते ही कई लोग टहलते व मौसम का आनंद लेने पार्कों में पहुंचे। दिन में अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री दर्ज किया गया जो कि प्रदेश में सर्वाधिक रहो। न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री दर्ज किया गया। बारिश व आंधी तूफान की वजह से जगह-जगह विद्युत सप्लाई प्रभावित होने तथा आकाशी बिजली के गरज चमक के साथ गिरने से लोग भयभीत परेशान रहे। जिले के दो अलग-अलग क्षेत्र में मंगलवार शाम गाज गिरने की घटनाओं में एक किशोर तथा एक किशोरी की मौत हो जाने का धोखा दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया है।

### गाज गिरने से किशोरी की मौत

आकाशी बिजली गिरने से मौत की दूसरी घटना तेजगढ़ थाना अंतर्गत सामने आई है। मंगलवार शाम तेज आंधी तूफान गरज चमक तेज बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से 16 साल की किशोरी की मौत हो गई। तेजगढ़ थाना अंतर्गत समदई ग्राम पंचायत के पटेरिया माल में हल्लू ठाकुर की बेटी कुंती बाड़े से लकड़ी उठाने गई थी। इसी दौरान तेज गरज के साथ अचानक आकाशिय बिजली की चपेट में आने से वह झुलस गई। बाद में उसे अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित कर दिया गया। तेजगढ़ थाना पुलिस मर्ग कायम करके जांच कर रही है।

### हिंडोरिया थाना अंतर्गत किशोर की मौत

प्राप्त जानकारी के अनुसार हिंडोरिया थाना अंतर्गत चन्दोरा मड़िया ग्राम में मंगलवार शाम आकाशी बिजली गिरने से इसकी चपेट में आए एक 12 साल की किशोर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गांव के दुर्जन अहिरवार का 12 वर्षीय बेटा प्रशांत आकाशी बिजली की चपेट में आने के बाद झुलस गया बाद में उसे जिला अस्पताल लाया गया डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### ओलावृष्टि से फसलें नष्ट

**रनेह।** विगत सप्ताह दो बार हुई ओलावृष्टि से किसानों की ग्रीष्मकालीन उड़द मूंग की फसले खेत में ही जमींदोज हो गई, जिससे किसानों में मायूसी नजर आ रही है। किसानों का आरोप है कि किसान हितैषी सरकार का नारा देने वाली सरकार ने ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों की सुध नहीं ली। जिला कलेक्टर से किसान अपेक्षा करते हैं कि राजस्व अमला को ओलावृष्टि से हुई क्षति का सर्वे करने निर्देशित कर किसानों को राहत प्रदान की जाए ऐसी मांग किसान लगातार कर रहे हैं।

## तेंदूखेडा में गिरे ओले, डेढ़ घंटे की बारिश ने खोली पोल

**तेंदूखेड़ा।** नगर एवं क्षेत्र में भीषण गर्मी के चलते मंगलवार को लगभग 2 बजे से अचानक मौसम मै परिवर्तन हो गया पहले तेज हवाओं ,बादलों की कड़गडाहट के साथ ओले गिरे। इसके बाद जोरदार बारिश हुई बे मौसम हुई। बारिश ने नगर परिषद की कचरो से भरी नालियों की पोल खोल दी। नगर के समस्त बाँडो की नालियां चौक होने के चलते नालियों का गंदा बदबूदार पानी सड़कों पर आ गया। यहां तक की कई बार्डो में यह पानी घरों के अंदर भी जा पहुंचा जिससे नगर परिषद के प्रति लोग में अच्छी खासी नाराजगी दिखाई दी। यह पहली बार में नहीं हुआ है। प्रत्येक वर्ष नगर परिषद के यही हाल रहते हैं। बारिश की वजह से नगर वासियों को अच्छी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जहां लोग एक तरफ पानी से परेशान थे तो दूसरी ओर बदबू से बेमौसम हुई। बारिश से कई घरों में पानी भर गया जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। नगर के खकरिया मार्ग मैं नालियों का गंदा एवं बदबूदार पानी सड़क पर आ गया जिससे यहां के व्यापारियों को अच्छी खासी मुसीबत का सामना करना पड़ा। साथ ही इस मार्ग से आने जाने वालों को भी काफी परेशानी हुई। इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों ने कहा



कि यह मार्ग जबलपुर का मोतीनाला बन गया है। नगर परिषद भी नरक परिषद हो चुकी है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 8 विद्यानगर के लोगों को भी अपने वार्ड में नालियों से निकले बदबूदार पानी से होकर गुजरना पड़ा जिसके चलते वार्डवासी नगर परिषद को कोसते दिखे। लगभग डेढ घंटे चली बारिश के कारण भीषण गर्मी से जहां लोगों को राहत मिली। 1.30 बजे तक तेज धूप , भीषण गर्मी से लोगों को बेहाल कर रखा था। कुछ हद तक राहत पहुंचाई। अचानक मौसम बदलते ही लगभग 2 बजे से यहां बारिश का दौर शुरू हो गया। लोगों ने जहां गर्मी से राहत की सांस ली। वहीं कुछ लोगों ने मौसम का लुफ्त उठाया। गर्मी के चलते दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता था। पानी रुकने के बाद लोग काफी संख्या में अपने अपने घरों से बाहर निकले हालांकि नगर का साप्ताहिक बाजार भी मंगलवार को रहता है जिसकी चलते ग्रामीण अंचलों से काफी संख्या में लोग बाजार करने के लिए नगर में पहुंचे थे। अचानक हुई तेज बारिश ने जहां लोगों के जीवन पर प्रभाव डाला। वहीं अनेक घरों में काफी पानी भर गया। लोग पानी से बचने के उपाय करते रहे। वहीं किसानों के चेहरे खिले नजर आए क्योंकि जिन किसानों ने उड़द और मूंग की फसल वोई थी। उन्हें यह पानी अमृत के समान लगा। लेकिन जहां पर ओले गिरे हैं वहां की फैसले चौपट हो गई हैं ऐसे में किसाने के मस्तिष्क पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रही है।



## आंधी तूफान से सड़क पर पेड़ गिरने से यातयात बाधित

**मडियादौ।** पिछले कुछ दिनों से लगातार अंचल में बेमौषम बारिश,ओलावृष्टि और तूफान जारी है। मंगलवार दोपहर बर्धा क्षेत्र में तेज आंधी तूफान से जनजीवन प्रभावित हो गया,बर्धा पोड़ी मार्ग पर सड़क किनारे लगे पेड़ टूटकर सड़क पर गिरने से यातायात भी बाधित हुआ। हालांकि स्थानीय लोगों ने पेड़ के डालिया,लकड़ी आदि हटाकर मार्ग पर आवागमन सुचारू किया। तेज आंधी से मड़यिादो बफर कार्यालय में लगा वाहन स्टैंड का टीनशेड भी उड़कर क्षतिग्रस्त हुआ गनीमत रही इस दौरान कोई हादसा नही हुआ।

**खबर संक्षेप**

### मंदिर पर गिरी गाज गुंबद में आई दरार



**रनेह।** लगातार बदल रहे मौसम से नागरिकों का जनजीवन अस्त व्यस्त है, आंधी, तूफान, बारिश ओलावृष्टि से काफी क्षति देखी जा रही है। मंगलवार दोपहर नया बाजार के समीप स्थित विश्वकर्मा मंदिर में गाज गिरने से मंदिर की गुंबद क्षतिग्रस्त करते हुए गाज सीधी दीवाल में समा गई। विश्वकर्मा मंदिर पुजारी लखन विश्वकर्मा ने बताया की गाज गिरने से कोई जन हानि तो नहीं हुई मगर 3 वर्ष पूर्व नवनिर्मित मंदिर की गुंबद क्षतिग्रस्त होने से मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही मंदिर में आरती पूजन के सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की संपूर्ण वायरिंग जल गई मंदिर में दरार आ गई।

### बायो मेडिकल वेस्ट खुले में फेंकने को लेकर लैब पर किया जुर्माना

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत नगर पालिका दमोह द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में बायो मेडिकल वेस्ट खुले में फेंकने को लेकर नगर पालिका की टीम ने घंटाघर के पास इंडियन पेथोलाजी लेब पर 5000 रुपये का जुर्माना किया। इस सबंध में सीएमओ सुषमा धाकड़ ने बताया कोई भी अस्पताल/लैब खुले में या कचरा गाड़ी में बायो मेडिकल वेस्ट न डालें। इसके लिए गाइडलाइन तय की गई है और इस कचरे के डिस्पोजल को लेकर भी मानक बनाये गए हैं, जिसका उपयोग किया जाए। इस दौरान विकास तिवारी, अभिषेक शुक्ला सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### मंडी में हो रही फसलों की चोरी की घटनाओं पर लगे विराम- रतनचंद जैन

**दमोह।** कृषि उपज मंडी में आये दिन किसानों के साथ ऊपादोह की स्थिति उत्पन्न हो गयी है ऐसी भीषण गर्मी में जहां किसानों को अपनी फसले बेचने कतारो में तो खड़ा होना होता है एवं मूलभुत समस्यायें कम होने से इधर उधर भटकना पड़ता है किंतु पिछले कई समय से किसानों के फसलो को बोरिया दिन दहाड़े ही चोरी की जा रही है। उक्त आशय की विज्ञप्ति जारी करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि मंडी में भारतीय जनता पार्टी के व्यापारी अध्यक्ष हम्माल संघ अध्यक्ष एवं किसान मोर्चा के अध्यक्ष समेत भारतीय जनता पार्टी के नेता है जिनको किसानों ने कई बार अपनी समस्याओं से अवगत कराया किंतु समस्याये जय की तस बनी है किसान किस तरह अपनी फसल किस तरह अपने खेतो से एकत्रित कर मंडी तक लाता है किंतु मंडी में ही उसकी पलक झपकी और उसका माल गायब होना लगता है अखबारो के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि एक दो लड़को को मंडी प्रशासन ने पकड़ा है किंतु वह भी नाबालिग निकले दमोह विधानसभा की सबसे बड़ी मंडी जो कि मुख्यालय पर ही है किंतु वहां पर इस तरह चोरी की घटनाओ को अंजाम देना निंदनीय है उनकी मांग है कि प्रशासन इस दिशा में गंभीर कदम उठाये अन्यथा कांग्रेस पार्टी आंदोलन को बाध्य होगी।

### चित्र की नहीं चरित्र की सुंदरता होनी चाहिये- दिव्या देवी

**दमोह।** ग्राम पंचायत नंदरई में ग्रामवासियों द्वारा आयोजित संगीतमयी श्रीराम कथा के पंचम दिवस कथा व्यास दिव्या देवी जी उपस्थित श्रोताओं भगवान राम ने अपने बनवास के दरम्यान कईयों का उद्धार किया उनमें अहिल्या जो ब्रम्हाजी की मानस पुत्री थे उनके विवाह के लिये शर्त थी कि जो व्यक्ति अथवा देव तीनो लोको को पूरा करके आयेगा उसका विवाह उनके साथ किया जायेगा कई देवताओ ऋषियो ने तीनो लोको को पूरा किया कि किंतु गौतम ऋषि ने गर्भवती काम धेनु गाय की परिक्रमा की तब ब्रम्हाजी ने कहा कि गाय तीनों लोको से भी श्रेष्ठ है और उनका विवाह गौतम ऋषि से कर दिया गया किंतु देवराज इन्द्र के मन में अहिल्या को लेकर छल था और एक दिन जब गौतम ऋषि कुटिया से बाहर गये तो इन्द्र गौतम ऋषि बनकर अहल्या के यहां पहुंच गये किंतु तभी गौतम ऋषि आ गये और उन्होनें अहिल्या पत्थर की शिला बन जाने का श्राफ दे दिया और जब उनका क्रोध शांत हुआ तो उन्होनें कहा कि भगवान राम ही अब तुम्हे इस श्राफ से मुक्ति दिलायेगे। दिव्या देवी ने कहा कि उनका कहना है कि वर्तमान परिवेश में हमारे जीवन में अनेक बाधायें आती है किंतु प्रभु श्रीराम का नाक सुभरने से ही हमारी सारी शंका कुशंका पूरी हो जाती है कथा के पूर्व समस्त नंदरई के ग्रामवासियों ने कथा व्यास दिव्या देवी जी के साथ भगवान राम की सामूहिक आरती उतारी गई। इस अवसर पर नंदरई सहित अनेक ग्रामवासियों ने धर्मलाभ लिया।

## शराबी टैंकर चालक ने दो बाइकों को रौंदा, बाल बाल बचे लोग



**हटा।** मंगलवार की सुबह शराब के नशे में धुत्त नगर पालिका के टैंकर ड्राईवर द्वारा अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो जाने से सड़क किनारे रखी दो बाइकों को रौंद दिया जिससे बाइकें क्षतिग्रस्त हो गई वही गनीमत रही कि घटना के दौरान कोई ट्रैक्टर की चपेट में नहीं आया जिससे बड़ी घटना होते-होते टल गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह नगर पालिका द्वारा वार्डों में पानी सप्लाई करके अंधियारा बगीचा से मंदिर मस्जिद चौराहे वाले रोड से वापस लौट रहा था लोगों ने बताया कि पेयजल टैंकर ड्राइवर शराब के नशे में धुत्त था जिससे ड्राइवर द्वारा ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया जिस दौरान रमाकवि वार्ड में मुख्य सड़क पर तरुण साहू के घर के सामने खड़ी दो बाइकों को रौंद दिया जिससे बाइक चकनाचूर हो गई वही गनीमत रही कि वहां खड़े लोग बाल-बाल बच गए एवं अन्य राहगीर भी अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से बच गए। नशे में धुत नगर पालिका ड्राइवर की करतूत से जहां बड़ी घटना घटित होते-होते बच गई घटना को देख मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। हटा पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की।

## सिंगपुर में जलसंकट को लेकर शासन प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

**सिंगपुर।** जिले के कई इलाकों में भीषण जलसंकट के हालात देखने को मिलते है। जिले की जबेरा तहसील के अंतर्गत आने वाले कस्बाई ग्राम सिंगपुर के वाशिंदे भी जलसंकट से जूझ रहे है। यहां कुछ भ्रष्ट लोगों के कारण ग्रामवासी पानी के संकट से निजात नहीं पा रहे है। पानी की किल्लत से मुक्ति के लिए अब ग्रामीणों ने अपनी आवाज बुलंद की। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे गांव सिंगपुर में पानी की किल्लत और बंद पड़ी नर्मदा नल जल परियोजना के खिलाफ शासन के कर्मचारियों और पदाधिकारियों की भ्रष्ट कार्यप्रणाली की जिम्मेदार है। यह वही लोग हैं जो चुनाव के समय सबसे बड़े भ्रष्टाचारी बनकर सामने आते हैं और चंद पैसों की लालच में अपने लिए इस तरह की समस्याएं चुन लेते हैं। और जब विकास कार्यों को गति नहीं मिलती तो रूप बदलकर भोले बनकर सरकार के सामने गिड़गिड़ाने लगते हैं और जनप्रतिनिधियों को भला बुरा कहने लगते हैं। दरअसल ग्राम में जलसंकट को खत्म करने के लिये व ग्रामीणो को जल उपलब्ध कराने जो प्रयास जनप्रतिनिधियों के स्तर पर होने चाहिये थे वह नहीं हुये। लोग बूंद बूंद पानी को मोहताज है। सुबह की दिनचर्या की शरूआत होती है तो सिर्फ जल की व्यवस्था करने से। ग्रामीणों का कहना है कि बंद पड़ी नर्मदा नल जल परियोजना का लाभ शीघ्र दिया जाए जिससे लोग इस जल संकट से निजात पा सके। लोगो ने शासन से सिंगपुर गांव की ओर ध्यान देकर विशेष कदम उठाते हुए पेयजल और बाकी दैनिक क्रियाओं के लिए पानी की उपलब्धता शीघ्र कराने की मांग की है।

## गुरुदेव ने जो ठान लिया वह कर दिखाया : निर्यापक श्रमण मुनि श्री संभव सागर जी

**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र ,जैन तीर्थ कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रभावक शिष्य पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से निर्यापक मुनि श्री संभव सागर जी महाराज ने मुनि दीक्षा दिवस के अवसर पर प्रवचन देते हुए कहा देखो आज का दिवस ऐसा है सूरज की तपन कुछ कम है। उस दिन 22 अप्रैल 1999 वैशाख शुक्ल सप्तमी के दिन सूर्य सुबह से ही इतना तप रहा था कि शायद वह सबसे ज्यादा लालायित हो गुरुदेव आचार्य भगवान पहली बार दीक्षा नहीं दे रहे थे सिद्धोदय सिद्ध क्षेत्र में 23 मुनि दीक्षा प्रदान की गई गुरुदेव के करकमलों से। सर्वप्रथम दीक्षा द्रौणगिर सिद्ध क्षेत्र में पहली दीक्षा जेष्ठ श्रेष्ठ वर्तमान में आचार्य श्री समय सागर जी महाराज को दीक्षा प्रदान की गई थी। मुनि श्री योग सागर जी महाराज परसों सुना रहे थे की दीक्षा कैसे हुई आचार्य श्री स्वयं बाहर आए बोला यह तखत कहां लगाना है हम लोगों ने तखत पाटा लगाया। दर्शक भी ऐसा नहीं कोई सुनने वाला नहीं उस समय की सोचें जब आचार्य महाराज ने समय सागर जी महाराज को दीक्षा प्रदान की ।योगसागर महाराज बता रहे थे हम लोगों ने खड़े-खड़े दीक्षा देखी। पाटा लगाया पाटा पर चौकी लगाई। आचार्य भगवन बैठ गए समय सागर जी को बिठाया और दीक्षा के संस्कार शुरू हो गए। थोड़ी देर में दीक्षा पूर्ण हो गई। वैसा ही चतुर्थ कालीन वह दृश्य था। वह दीक्षा इतने विशाल संघ में एक नींव के पत्थर का कार्य किया। उस नींव के पत्थर पर इस विशाल संघ की आधारशिला रखी गई। यूं तो गुरुदेव ने चार क्षुल्लक दीक्षा दी थी पर जब तक कोई आचार्य मुनि दीक्षा नहीं देता तब तक उसका वह पद सुशोभित नहीं होता ।योग सागर जी बोलते हम शहर वासी हैं उनकी दीक्षा सागर में मोराजी में हुई। दो कदम चल गुरुदेव ने मुनि श्री योग सागर जी एवं नियम सागर जी को मुनि दीक्षा प्रदान की ।गुरुदेव ने और कदम बढ़ाए 2,5,8 दीक्षा प्रदान की ।इकाई का अंक था। सिद्धोदय सिद्ध क्षेत्र में पहली बार दहाई के अंक में दीक्षा प्रदान की गई। 10 दीक्षा प्रदान की गई शरद पूर्णिमा के दिन। कुछ समय गुजरा नहीं 9 मुनिराज की दीक्षा मुक्तागिरी सिद्ध क्षेत्र में हुई ।वहां गुरुदेव ने अचानक शाम को बताया दीक्षा के विषय में। नेमावर सिद्ध क्षेत्र में वैशाख शुक्ल सप्तमी को 47 डिग्री तापमान पर 23 मुनि दीक्षा प्रदान की गई। दयोदय जबलपुर में 25 दीक्षाएं दी । गुरुदेव ने जिनधर्म की प्रभावना करते हुए रामटेक में 24 दीक्षाएं दी। गुरुदेव ने एक-एक दो-दो घंटे में दीक्षा संपन्न की है। शीतल धाम विदिशा में शीतल सागर जी आदि मुनिराज को4 दीक्षा दी ।बीनाबारहा में तीन दीक्षाएं दी ।ललितपुर में दीक्षा दी। अंतिम दीक्षा उत्कृष्ट दीक्षा दी। अच्छा बेस्ट मैन वह होता जो हर बाल पर रन बनाए। गुरुदेव ने लिखा है बड़े बाबा ने बड़ी कृपा की दे मुझे आशीष ।गुरुदेव ने कुंडलपुर में 84 आर्यिका दीक्षा प्रदान की है ।एक भी मुनि दीक्षा नहीं दी है ।आचार्य पदारोहण समारोह यहां पर हुआ। हम लोग चंद्रगिरी से चलकर आए। मुनि दीक्षा से शुरुआत हो बड़े बाबा के पादमूल में। आर्यिका दीक्षा भी यहां बड़े बाबा के पादमूल में हो ऐसी भावना है ।ऐसी संयोजना हो बड़े बाबा तो बड़े बाबा हैं उनके बारे में क्या कहा जाए ।यहां कोई भी कार्य असंभव नहीं है करीब से देखा है पूरी जैन समाज सशंकित थी, संघ के सदस्य भी सशंकित थे ।यह कार्य कैसे होगा गुरुदेव ने ठान लिया और पुरातत्व ,शासन, प्रशासन सबके ऊपर हावी था। आत्म अनुशासन और गुरुदेव ने आत्मानुशासन से वह कार्य कर दिखाया दुनिया देखती रह गई।

## पीटीआर के कर्मचारियों की सभी समस्याओं का निराकरण समय से होगा- अंजना सुचिता तिर्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मड़ियादौ



कर्मचारी स्वत्व निवारण शिविर सहभागिता बैठक लेने मड़यिादो बफर कार्यालय पँहुची पन्ना टाइगर रिजर्व की क्षेत्र सञ्चालक अंजना सुचिता तिर्की ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया किया कि उनकी सभी समस्याओं का निराकरण समय से होगा,टाईगर रिजर्व का सभी अमला पूरी मुस्तेदी से वन व वन्यजीवो के संरक्षण के लिए कार्य करें और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अपने वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग ले.क्षेत्र सञ्चालक ने बैठक में सभी कर्मचारियों से उनकी समस्याएं जानी जिसमे वन कर्मचारियों ने समयमान वेतनमान, जीपीएफ निराकरण,वेतन भुगतान और रेंज में श्रमिकों की कमी आदि की समस्या बताई क्षेत्र सञ्चालक अंजना सुचिता तिर्की ने मड़यिादो बफरजोन क्षेत्र का ओचक निरीक्षण भी किया जिसमें आर डी एफ 365 प्लांटेशन, ढूला और कलकूआ के निगरानी टावर, वन चौकी चोरईया,मनकपुरा वैरियर,वनरक्षक आवास मड़यिादो ,अमझिर आदि का जायजा लिया और चोरईया वन चौकी की सराहना भी की। उन्होंने वनकर्मियों के नए आवास ,परिक्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के लिए और बेहतर प्रबंधन की भी बात कही,साथ ही केन वेतवा परियोजना में अधिकृत की गई भूमि की सुरक्षा के लिए सुरक्षा दीवार आदि बनाए जाने की भी बात कही। क्षेत्र सञ्चालक ने बताया कि पन्ना टाइगर रिजर्व की सुरक्षा व्यवस्था के लिए शासन से 55 वनरक्षक की मांग की गई है जो जल्द पूरा होने की उम्मीद है, क्षेत्र सञ्चालक के भृमण के दौरान वनपरिक्षेत्र अधिकारी हृदेश हरि भार्गव,प्रभारी वनक्षेत्रपाल जी एस चौहान,सहित वनकर्मियों की मौजूदगी रही।

## प्रथम स्थान प्राप्त कर निशि ने बढाया मान



**दमोह।** जिले के महर्षि विद्या मंदिर में अध्यनरत दसवीं क्लास की छात्रा निशि पिता नरेंद्र अग्रवाल के द्वारा सीबीएसई परीक्षा दसवीं क्लास में 95% अंक प्राप्त कर महर्षि विद्या मंदिर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वर्तमान में निशि कोटा में कोचिंग कर रही हैं। रिजल्ट आने के बाद देर रात माता-पिता उनसे मिलने कोटा राजस्थान पहुंचे जहां मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं निशि को प्रदान की हैं। रिजल्ट आने के बाद जहां स्कूल के प्राचार्य सहित शिक्षकों के द्वारा छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रदान की गई वहीं निशि को भी अग्रवाल समाज के साथ-साथ उनके मिलने जुलने वालों के द्वारा उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की गई है व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

## टाइगर रिजर्व में गौर गाय को बसाने की तैयारी शुरू



**तेन्दूखेड़ा।** वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघों के बाद अब गौर गाय को बसाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए अधिकारी जल्द ही सर्वे कराएंगे और इसके बाद गौर गाय को लाने की तैयारी होगी। यदि ऐसा होता है तो अफ्रीकन चीतों को बसाने तैयार के प्रोजेक्ट की राह भी आसान हो जाएगी क्योंकि रिजर्व में जो घास के बड़े-बड़े मैदान तैयार किए गए हैं, उनमें घास की ऊंचाई ज्यादा है, ऐसे में वहां पर चीतों को बसाना ठीक नहीं समझा जा रहा है। दरअसल चीते घास के मैदान में रहते हैं लेकिन इसके लिए घास की ऊंचाई इतनी होनी चाहिए, जिससे चीते उसमें आसानी से दूर तक देख सकें। टाइगर रिजर्व में गांव को विस्थापित कर जो मैदान तैयार किए हैं, उसमें घास की ऊंचाई पांच से छह फीट तक है अधिकारियों का कहना है यह घास हिरण समूह के अन्य जानवर नहीं खा पाते हैं, जबकि गौर गाय इसे आसानी से खाकर खत्म कर देते हैं। छोटी घास और नई कोंपल को चीतल, हिरण, काला हिरण आदि आसानी से खा सकेंगे। ऐसे में यहां पर चीता भी आसानी से अपना शिकार देख सकेगा।

### स्थितियों को देखने पहले भी टीम ने किया था सर्वे

बता दें कि अफ्रीकन चीतों को देश में लाने के लिए सबसे पहले नौरादेही अभ्यारण्य का नाम चिन्हित हुआ था। चीतों को रहने के हिसाब से स्थितियां अनुकूल हैं या नहीं इसको लेकर वर्ष 2011 में अफ्रीका की टीम भी नौरादेही आई थी और सर्वे के बाद उन्होंने नौरादेही अभ्यारण्य में माहौल अनुकूल पाया था। इसके बाद तत्कालीन अधिकारी भी अफ्रीका गए और चीतों के संबंध में पूरी जानकारियां जुटाते हुए प्रशिक्षण भी लिया था।

### बाघों के भोजन के लिए शाकाहारी पशुओं की संख्या बढ़ाने पर जोर

गौर गाय को बसाने के पीछे एक वजह यह भी बताई जा रही है कि टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसे में वहां पर शाकाहारी पशुओं की संख्या भी बढ़ानी होगी, जिससे बाघों को आसानी से भोजन उपलब्ध हो सके। जिसके कारण यहां पर और भी शाकाहारी जानवरों को बसाया जा सकता है। बताया गया है कि गौर गाय प्रजाति का वन्य प्राणी है, जबकि जंगली भैंसा, भैंस प्रजाति का होता है। सींग बड़े और रंग काला होने के कारण कुछ लोग इसे जंगली भैंसा मानते हैं। इसका 7 से 8 क्विंटल वजन और ऊंची कद काठी होती है।

### दो हजार हेक्टेयर के घास के मैदान किए गए तैयार

चीतों को बसाने को लेकर अफ्रीका की टीम की हरी झंडी मिलते ही वर्ष 2012-13 में गांवों को विस्थापित करने का काम शुरू हो गया था। उस दौरान वन क्षेत्र में बसे 72 गांव को विस्थापित करने का प्लान तैयार हुआ था। जिसमें से अब तक करीब 30 गांव पूर्ण रूप से विस्थापित भी हो चुके हैं। गांव के खाली होने के बाद वहां पर घास के अलग-अलग 20 मैदान तैयार किए गए हैं। जिनका क्षेत्रफल लगभग दो हजार हेक्टेयर का है।